बरेली, शुक्रवार
28 फरवरी, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

PAGE NO IV : BOTTOM

# एसआरएमएस और ठेकेदार इलेवन में होगा खिताबी मुकाबला

- पहले सेमीफाइनल में ठेकेदार इलेवन ने आइके कलेक्शन को 42 रन से पराजित किया
- दूसरे सेमीफाइनल में एसआरएमएस ने आइके कलेक्शन एसजी कैंट को 30 रन से हराया

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट पांचवें सीजन में गुरुवार को हुए सेमीफाइनल में ठेकेदार इलेवन ने आइके कलेक्शन बरेली को 42 रन और दूसरे सेमीफाइनल में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी ने आइके कलेक्शन एसजी कैंट बरेली को 30 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई। पहले सेमीफाइनल में तीन विकेट लेने वाले ठेकेदार इलेवन के गेंदबाज विशाल सिंह चौधरी और दूसरे सेमीफाइनल में 21 गेंदों पर 54 रन बनाने वाले एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के अभिषेक को मैन आफ द मैच चुने गए।

श्रीराम मूर्ति क्रिकेट स्टेडियम में ठेकेदार इलेवन के कप्तान एके पाल ने टास जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। ठेकेदार इलेवन ने 18 ओवर में 163 रन बनाए। इसमें सेहरावत ने 16 रन, सुशील यदुवंशी ने 18 रन, नीतू चोपड़ा ने 19 रन, लक्ष्य मलिक ने 39 रन, शुभम ने 20 रन और विशाल सिंह ने 18 रन का योगदान दिया। आइके कलेक्शन के शिव राठी ने चार और सिद्धार्थ गुप्ता ने तीन विकेट लिए। जवाब में आइके कलेक्शन की पूरी टीम 17.5 ओवर में 121 रन बना कर पेवेलियन लौट गई। दूसरे सेमीफाइनल में एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी के कप्तान अनंत भटनागर ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। एसआरएमएस के बल्लेबाजों ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 202 रन बनाए। इसमें हर्ष राणा ने 34 रन, पूर्वांश ध्रुव ने 34 रन, हितेश ने 20 रन, अनंतवीर ने 26 रन और अभिषेक शर्मा ने 54 रन बनाए।

आइके कलेक्शन एसजी कैंट बरेली के गेंदबाज सत्यम संगू ने चार विकेट झटके। जवाब में आइके कलेक्शन एसजी कैंट की टीम नौ विकेट पर 172 रन ही बना सकी। इसमें कप्तान इंजिमाम ने 41 रन, अनिवेश चौधरी ने 36 रन, दिव्यांश राजपूत ने 52 रन बनाया।




एसआरएमएस क्रिकेट अकादमी के बल्लेबाज अभिषेक को मैन आफ द मैच का पुरस्कार देते चेयरमैन आदित्य मूर्ति • सौ . आयोजक

### कल खेला जाएगा फाइनल

श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन फाइव में शनिवार को सुबह 9 .30 बजे से एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और ठेकेदार इलेवन के बीच फाइनल मैच खेला जाएगा।